Patrika (Indore), 15th April 2024, Page - 03

Reproduced newspaper clipping:

## नियमित रूप से होता है आयोजन

# आइआइटी इंदौर में टेड टॉक्स का 5वां संस्करण आयोजित

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

इंदौर. आइआइटी इंदौर में रविवार को 'ट्रैजेक्टरी टू पिनेकल' थीम पर टेड (टीईडी) टॉक्स का 5वां संस्करण आयोजित किया गया। यह थीम उत्कृष्टता के प्रति मानव प्रगति के इतिहास का प्रतीक है, जो विनम्र शुरुआत से उपलब्धि के शिखर तक की अलग-अलग यात्राओं को समेटे हुए है। यह विकास के गतिशील उत्थान का प्रतिनिधित्व करता है, जो दृढ़ता, लचीलेपन और निरंतर आत्मसुधार द्वारा देखा जा सकता है। सेवानिवृत्त कमांडर सुनील कुमार ने कहा, टेड टॉक्स का यह संस्करण व्यक्तिगत और व्यावसायिक लक्ष्यों की खोज करने, बाधाओं, असफलताओं का कारण पता लगाने और इससे संबंधित संपूर्ण ज्ञान के क्षणों से भरा हुआ रहा। सफलता के शिखर तक पहुंचना चुने गए रास्ते, सीखे गए सबक और रास्ते में मिले अलग-अलग अनुभवों के बारे में है। आइआइटी इंदौर नियमित रूप से टेड टॉक्स आयोजित करता रहा है।